Ans. (a) : सही सुमेलित है।

	सूची -I		सूची-II
(a)	ऊन मंडी	(1)	बीकानेर
(b)	संगमरमर मंडी	(2)	किशनगढ़
(c)	राजस्थान का कानपुर	(3)	कोटा
(d)	गारमेंट सिटी	(4)	भीलवाड़ा

280. दत्ताणी के युद्ध के समय सिरोही का शासक था–

(a) राव करण सिंह (b) अमर सिंह राठौड़

(c) महाराव सुरताण (d) महाराव विजयसिंह

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (c) : दत्ताणी के युद्ध के समय सिरोही का शासक महाराव सुरताण था 1583 ई. में लड़े गये इस युद्ध में तत्कालीन सिरोही शासक महाराव सुरताण ने अकबर की सेना के नौ सेनापतियों को हराया था।

281. राजस्थान में किस स्थान पर सीमा और तटीय सुरक्षा के पहलुओं पर 'सुरक्षा मंथन 2022' का आयोजन किया गया?

(a) बारां (b) श्रीगंगानगर

(c) जोधपुर (d) बीकानेर

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (c) : राजस्थान के जोधपुर में सीमा और तटीय सुरक्षा के पहलुओं पर 'सुरक्षा मंथन 2022 का आयोजन किया गया। इसके तहत एक सक्षम सुरक्षा वातावरण निर्मित करने और इसे प्राप्त करने लिए एक ठोस क्षमता विकास रोड मैप विकसित करने का निर्णय भी लिया गया। इस आयोजन के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय सीमा (IB) और तटीय क्षेत्रों में समग्र सुरक्षा बढ़ाने के लिए अंतर संचालनीयताः परिचालन संबंधी समांजस्य और रसद से जुड़े पहलुओं पर विचार किया गया।

282. आर.बी.आई. द्वारा अर्थशास्त्र/बैंकिंग/वित्तीय मुद्दों पर मूल रूप से हिन्दी में किताबें लिखने के लिए किसे पुरस्कृत किया गया?

(a) प्रोफेसर रेण जटाना और डॉ. सागर सांवरिया

(b) सृष्टि देशमुख और श्रुति सिहाग

(c) मंजू कुमारी और डॉ. राधिका बजाज

(d) राजेन्द्र चाहर और डॉ. राजीव सैनी

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अर्थशास्त्र/बैंकिंग/वित्तीय मुद्दों पर हिन्दी में किताबें लिखने के लिए राजस्थान के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की पूर्व डीन प्रोफेसर रेणु जटाना और राजस्थान के नाथ द्वारा के राजकीय बालिका महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. सागर सावंरिया को संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया। बैंकिग हिन्दी में मौलिक लेखन और शोध को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय रिर्जव बैंक द्वारा आर्थिक बैंकिंग वित्तीय विषयो पर हिन्दी में लिखी गयी मौलिक पुस्तकों के लिए पुरस्कार योजना शुरू की गयी थे।

283. वर्ममान में राजस्थान में उद्योग मंत्री कौन है?

(a) शकुंतला रावत (b) गोविंद राम मेघवाल

(c) भजन लाल जाटव (d) विश्वेंद्र सिंह

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : वर्तमान में राजस्थान के उद्योग मंत्री शकुंतला रावत है। इनके पास राजकीय उपक्रम विभाग एवं देवस्थान विभाग का अतिरिक्त कार्यभार भी है।

- श्री भजन लाल जाटव – सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री है।
- गोविन्द राम मेधवाल – आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग प्रशासनिक सुधार और समन्वय विभाग के मंत्री है।
- विश्वेन्द्र सिंह – पर्यटन विभाग एवं नागरिक उड्डयन विभाग के मंत्री है।

284. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में राजस्थान हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया–

(a) सवाई मानसिंह स्टेडियम में

(b) राजस्थान यूनिवर्सिटी स्टेडियम में

(c) विद्याधर नगर स्टेडियम में

(d) रेलवे क्रिकेट ग्राउंड में

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में राजस्थान हाई परफॉर्मेस स्पोर्ट्स एंड रिहैबिलिटेशन सेन्टर का उद्घाटन सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया। इसका उद्देश्य राजस्थान में खेलों को बढ़ावा देना है।

285. मई 2022 में, राजस्थान के किस मंत्रालय ने सिलिकोसिस पोर्टल 2022 का शुभारंभ किया?

(a) स्वास्थ्य मंत्रालय

(b) पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

(c) आपदा प्रबंधन और राहत मंत्रालय

(d) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (d) : 5 मई 2022 राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने सिलिकोसिस पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से अब सिलिकोसिस बीमारी का प्रमाण पत्र–प्राप्त होते ही पीड़ितों एवं उनके परिवारों को सहायता राशि आटो अप्रूबल के माध्यम से प्रत्यक्ष हस्तांतरण की जा सकेगी। इस पोर्टल को सर्वप्रथम पायलट स्तर पर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चुरू, जैसलमेर, टोंक, डुंगुरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़ गढ़ एवं बारा जिलों में प्रारम्भ किया गया है।

286. मेडिफेस्ट 2022 प्रदर्शनी का आयोजन किस शहर में किया गया?